भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDU CHENNAI 17 SEPTEMBER 2026

# Privatise city airport at the earliest, air passengers say

Passengers point out the delay in execution and opening of projects and the inadequate number of food, retail outlets at the airport; AAI officials say they are working on bringing in more outlets

PORT CALL

Sunitha Sekar
CHENNAI

A monkey's entry into Chennai airport's international terminal on Tuesday not only drew the ire of air passengers but also reignited the old debate over why the airport must be privatised as soon as possible.

Air passengers said that it is important to ramp up plans to bring in a private operator for the airport, given that the greenfield airport project at Parandur has been dropped and plans to find an alternative site for the second airport are only in their earliest stage.



**Frustrating wait:** Passengers also ask why the deadline for the construction of the T3 Terminal has been extended many times. AAI officials say the facility will be ready in seven months. M. SRINATH

### Delayed projects

Be it the delay in the inauguration of the T3 Terminal or the lack of adequate food and retail options, air passengers said they deserve to experience the standards of a private airport like Bengaluru or Hyderabad in Chennai as well.

"Take the case of the cab pick-up plaza. It was ready for the last nine months, but was inaugurated only recently after so much pressure from passengers. If it were a private operator, he wouldn't wait so long to inaugurate a facility. Similarly, the deadline for the T3 Terminal has been extended so many times. Whatever the reasons may be, can an integrated terminal construction go on for nearly seven years?" Dayanand Krishnan, a frequent flyer, asked.

Sowdeshwar Sarveshakumar, another frequent flyer, said the ambience and maintenance that a private airport provides are definitely far superior. "There is a wide variety of eateries and retail outlets at a private airport. Time passes effortlessly before boarding the flight, but that's not the case in Chennai airport. The ambience and architecture too are much more pleasant and beautiful in a private airport, and Bengaluru's new terminal is a classic example. Also, the private airport manages to get more connectivity to many more destinations, which we are unable to. I hope the airport is at least privatised soon," he added.

Sources in Airports Authority of India (AAI) said it was true that the planning and execution of some projects get delayed at times because they need permission from the headquarters in New Delhi. Such situations are less likely to happen for a private operator.

### Cargo operations

In addition to this, congestion at the cargo terminal is another key issue adding to the woes of the airport.

**Officials of the Airports Authority of India said they had been continuously taking several measures to address the problems faced by passengers**

Dinesh Krishnan, National Treasurer, Air Cargo Agents Association of India (ACAAI), said, "The core reason for congestion at the Air Cargo Complex is the acute shortage of terminal space relative to export demand, compounded by operational productivity bottlenecks. While the airport's passenger facilities have undergone significant rebuilding and expansion, the air cargo terminal has seen minimal upgrades to its floor area and handling infrastructure," he said.

To resolve this crisis, the government must open terminal expansion to private sector participation, injecting the capacity and high-efficiency logistics practices the industry urgently requires to fix this problem long-term, he added.

Officials of AAI said that while the cab pick-up plaza has already been opened to passengers, the T3 Terminal will be ready in seven months.

Officials also said that they have been taking several initiatives continuously to address the issues faced by passengers. As far as adding new retail and food and beverage outlets, officials said measures are underway to bring in a new master concessionaire and bring in more variety.

The cargo issue has primarily occurred due to vehicular congestion on the GST Road, especially during peak hours, officials said.

"Out of the two cargo terminal operators, one is operating way beyond its capacity. But AAI has acquired 19 acres of land, and this will avoid the congestion within the premises," an official said.

AAI officials also said that they are working with traffic police and the State government to resolve the congestion.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
MILLENNIUM POST KOLKATA 17 SEPTEMBER 2026

TO BE SIGNED AT NABANNA

# Four regional airports set for MoU on September 23

**PRADIP CHATTERJEE**
*Kolkata, September 16*

The proposal to set up four regional airports in West Bengal is set to move forward with the signing of a tripartite MoU between the state government, Centre and Airports Authority of India (AAI) on September 23.

The MoU, to be signed at Nabanna in the presence of Chief Minister Suvendu Adhikari, will pave the way for developing the airports under the UDAN scheme at Chharra in Purulia, Kalaikunda in West Midnapore, Balurghat in South Dinajpur and Hasimara in Alipurduar.

The state government will provide the land, electricity, water and other services. The Centre will oversee the development of airport infrastructure while the AAI will manage air traffic. According to officials, apart from the CM, the Union Minister of Civil Aviation Ram Mohan Naidu, West Bengal Transport Minister Arjun Singh, Chief Secretary, Manoj Kumar Agarwal, Secretary of the Union Ministry of Civil Aviation, Chairman of the AAI and MPs and MLAs from the respective districts are expected to be present at the programme.

Once the project is completed, it will strengthen the air connectivity infrastructure and regional air services in Purulia, South Dinajpur, Alipurduar and West Midnapore.

The initial work for the project at Chharra in Purulia has already progressed. The airport was built in 1942 during World War II. It was actively used until 1945.

## NEW AIRPORTS

- A tripartite MoU between Bengal, Centre and AAI for four regional airports will be signed on September 23
- The state will provide land, electricity, water and other essential services
- The Centre will oversee airport infrastructure development, while AAI will manage air traffic
- Union minister Ram Mohan Naidu, state transport minister Arjun Singh and senior officials are expected at the signing ceremony, along with MPs and MLAs from the four districts

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

TIMES OF INDIA CHENNAI 17 SEPTEMBER 2026

# Govt zeroes in on Cheyyur for Chennai's second airport

## Discussions On To Return Parandur Land Parcels To Owners

> **In Cheyyur, 90km from Chennai, the govt has 623 acres earlier acquired for a power project by Union govt through Tamil Nadu Power Finance Corporation. There are also about 300 acres of poramboke land.** The power project was shelved towards the end of the previous AIADMK govt. So Cheyyur is being considered for the airport project — **Govt official**

Julie.Mariappan
@timesofindia.com

**Chennai:** Cheyyur in Chengalpet district is likely to be the first choice of the state govt to develop the proposed second airport, govt sources told **TOI**.

The govt is also discussing ways to return the acquired parcels of land at Parandur to their earlier owners. On Aug 24, chief minister C Joseph Vijay announced the cancellation of the Parandur airport project, for which the previous govt had acquired 1,802 acres out of the 3,874 acres of patta land identified.

**Manellore in Gummidipoondi, Tiruvallur district, is another site recently shortlisted by the state govt for the Airports Authority of India's pre-feasibility study.**

"In Cheyyur, 90km from Chennai, the govt has 623 acres earlier acquired for a power project by Union govt through Tamil Nadu Power Finance Corporation. There are also about 300 acres of poramboke land. The power project was shelved towards the end of the previous AIADMK govt. So Cheyyur is being considered for the airport project," a govt official said.

Manellore, which is an alternative option, may raise environment concerns due to its proximity to Pulicat lake, officials said. The final picture, however, will emerge only after AAI submits its pre-feasibility study report. A senior airport official said the existing airport is capable of handling the projected traffic for a few more years, but further expansion is not possible.

Chennai airport has an annual passenger-handling capacity of 30 million. The development of Terminal 3 is expected to raise the overall capacity to 35 million passengers a year. AAI has also proposed a satellite terminal with an additional capacity of 20 million passengers annually.

Since the satellite terminal would be built within the existing airport premises, it would not require additional land acquisition. "We are planning an elevated express corridor for approach from a national highway," the airport official said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 18 SEPTEMBER 2026

# जेवर के युवाओं के लिए एयरपोर्ट व होटल सेक्टर में रोजगार के रास्ते खुले

**ग्रेटर नोएडा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास रहने वाले स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक और पहल की गई है। बर्ड एकेडमी ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, ब्रिस्क ऑलिव ट्रस्ट और बर्ड ग्रुप के हॉस्पिटैलिटी ब्रांड रोजिएट होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के सहयोग से जेवर के युवाओं के लिए हॉस्पिटैलिटी कौशल विकास कार्यक्रम पूरा किया है। प्रशिक्षण के बाद कई युवाओं को क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिले हैं।

- **बर्ड एकेडमी ने 33 युवाओं को दिया हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण**
- **नोएडा एयरपोर्ट समेत विभिन्न संस्थानों में मिली नौकरी**




जेवर स्थित आईटीआई कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर चुके अलग-अलग पृष्ठभूमि के 33 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें होटल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़े फ्रंट ऑफिस तथा फूड एंड बेवरेज संचालन की जानकारी दी गई। इसके साथ ही युवाओं को व्यवहार कुशलता, कार्यस्थल पर संवाद, उद्योग जगत से बातचीत और विभिन्न हॉस्पिटैलिटी संस्थानों के भ्रमण के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केवल तकनीकी जानकारी देना ही नहीं, बल्कि उन्हें कार्यस्थल के लिए तैयार करना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना भी था। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रतिभागियों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, रोजिएट होटल्स एंड रिसॉर्ट्स तथा यमुना एक्सप्रेस वे के आसपास स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में रोजगार के अवसर हासिल किए हैं।

## पहले 28 युवाओं को दिया गया था विमानन प्रशिक्षण

यह कार्यक्रम बर्ड एकेडमी और ब्रिस्क ऑलिव ट्रस्ट के बीच पहले हुए सहयोग का विस्तार है। पिछले वर्ष जेवर आईटीआई कॉलेज में वंचित वर्ग के 28 युवाओं के लिए विमानन कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें एयरपोर्ट के ग्राउंड ऑपरेशन, रैंप संचालन और यात्रियों के प्रबंधन से जुड़ी जानकारी दी गई थी। युवाओं को सॉफ्ट स्किल, एयरपोर्ट भ्रमण और उद्योग विशेषज्ञों से संवाद का भी अवसर मिला। प्रशिक्षण पूरा करने वाले कई युवाओं को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में रोजगार मिला है।

## स्थानीय युवाओं को क्षेत्र के विकास से जोड़ने की कोशिश

आईटीआई कॉलेज, जेवर में एविएशन स्किल डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत पिछले वर्ष जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने की थी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सहयोग से स्थापित इस केंद्र का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहे विमानन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के अनुरूप कौशल प्रदान करना है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के वाइस चेयरमैन क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि एयरपोर्ट का विकास आसपास के समुदायों के विकास से जुड़ा हुआ है। स्थानीय युवाओं को रोजगार के अनुरूप प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराना एयरपोर्ट की क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को रोजगार से जुड़ते देख उत्साह मिला है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखे जाएंगे। बर्ड ग्रुप और बर्ड एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्रैवल एंड टूरिज्म की चेयरपर्सन राधा भाटिया ने कहा कि कौशल युवाओं के लिए अवसर का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री हासिल करना रोजगार की गारंटी नहीं है, जबकि उद्योग की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को कम करता है। उन्होंने युवतियों को भी समान रूप से कौशल और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## 61 युवाओं तक पहुंची दोनों प्रशिक्षण पहल

बर्ड एकेडमी के अनुसार, जेवर में पिछले वर्ष के विमानन प्रशिक्षण और इस वर्ष के हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण को मिलाकर अब तक 61 युवाओं को कौशल विकास से जोड़ा गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कहना है कि शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार से जुड़ी पहल उसके व्यापक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम का हिस्सा हैं। एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्र में विमानन, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी और सेवा क्षेत्र के विस्तार के साथ स्थानीय युवाओं को इन अवसरों से जोड़ने के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD | BANGALORE | 17 SEPTEMBER 2026

AIRPORT BUSTS

# Rs 10-crore hydroponic ganja seized at KIA in four days

BENGALURU, DHNS

Customs officials at the Kempegowda International Airport (KIA) have intercepted three cases of hydroponic ganja smuggling from Bangkok in the past four days, seizing 28.95 kg of the contraband valued at more than Rs 10 crore.

On September 15, officials intercepted a passenger travelling from Bangkok who was attempting to smuggle 16 kg of hydroponic ganja, valued at Rs 5.60 crore. The contraband was concealed in his check-in baggage. The passenger, Shubham Rathod, is a resident of Uttar Pradesh.

A day earlier, on September 14, another passenger, Abdul Lateef, was caught smuggling 11.96 kg of hydroponic ganja worth Rs 4.19 crore.

The third case was intercepted on September 12, when two passengers arriving from Bangkok were found carrying 990 grams of ganja concealed in duty-free bags. The contraband was valued at Rs 34.65 lakh, a senior customs official said.

All four accused have been arrested under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (NDPS Act).



### Officers threatened

The seizures come amid threatening calls and messages received by two customs officials over the past week.

"The calls and messages started after a seizure was made by a team on September 3, when a passenger named Mukesh was caught smuggling 15.6 kg of hydroponic ganja. The passenger was from Uttar Pradesh," a senior customs official said.

The official said the department suspects the threats were linked to a larger syndicate operating from Bengaluru.

"They said there would be more passengers carrying contraband flying in around September 14 and threatened to harm the officials and their family members if the passengers were not allowed through," the official said.

The callers used fake international numbers and claimed to be tracking the customs officials. They also shared personal details, including their addresses and information about their family members.

"We had received similar threats around six months ago. We are looking into the matter. Such threats will not impact our operations," the official added.

## More than 2,000 exotic animals seized

Over 2,000 exotic animals were also seized at KIA from a consignment intercepted by the Customs Department on September 14.

The consignment contained around 30 species of spiders, ants, snails, frogs, shrimp and Spider Orchids. The seizure included 300 Choco Golden Knee tarantulas, 300 Red Rump tarantulas, 300 Rear Horned spiders, 200 Curly tarantulas and 200 Dream Blue Shrimp.

Other species included 100 Flameknee tarantulas, 100 Redknee tarantulas and 25 Spider Orchids, besides smaller quantities of Lowland and Highland species.

The wildlife was being smuggled from Bangkok by two passengers, Sanjay Dhanapal and Yaashar Samiullah Sheriff.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 18 SEPTEMBER 2026

# आइजीआइ पर केवल हैंड बैगेज वाले यात्रियों के लिए होंगे अलग गेट

**बिना किसी सामान के यात्रा करने वाले यात्रियों को भी मिलेगी सुविधा, लंबी लाइनों में नहीं लगना होगा, समय की बचत होगी**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** आइजीआइ एयरपोर्ट पर केवल हैंड बैगेज या बिना किसी सामान के यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक नई और समर्पित सुविधा की शुरुआत की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत आइजीआइ एयरपोर्ट के तीनों प्रमुख टर्मिनलों पर ऐसे यात्रियों के लिए समर्पित एंट्री गेट निर्धारित किए गए हैं। इसके अंतर्गत टर्मिनल-1 पर गेट नंबर 5, टर्मिनल-2 पर गेट नंबर 1 और टर्मिनल-3 पर गेट नंबर 2 को एक्सप्रेस लेन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

इस सुविधा से उन यात्रियों को सबसे बड़ा फायदा होगा जिन्हें सामान चेक-इन कराने के लिए काउंटर पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। अब ऐसे यात्री बिना लंबी लाइनों में फंसे सीधे समर्पित गेट से प्रवेश कर सुरक्षा जांच की ओर बढ़ सकेंगे, जिससे उनके समय की काफी बचत होगी।

इस विशेष सेवा का औपचारिक उद्घाटन दिल्ली एयरपोर्ट के डिप्टी सीईओ मनोमय राय द्वारा टर्मिनल-1 के गेट नंबर 5 पर रिबन काटकर किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टर्मिनल के प्रवेश द्वारों पर लगने वाली भीड़ को कम करना और हल्के सामान के साथ सफर करने वाले यात्रियों की आवाजाही को अधिक तेज व सुगम बनाना है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 18 SEPTEMBER 2026

# लखनऊ एयरपोर्ट पर पेपर जांच के नाम पर वसूले जा रहे 250 रुपये

जागरण संवाददाता, लखनऊ

- खाड़ी देशों को जाने वाले यात्रियों से हो रही वसूली
- एयरपोर्ट प्रबंधन बोला- प्रकरण की करा रहे हैं जांच

बीते 12 सितंबर को बहराइच निवासी मुकीम मजदूरी करने को लखनऊ से दुबई के लिए रवाना हुए। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचने पर उनके वीजा को लेकर इमिग्रेशन विभाग को कुछ संदेह हुआ। विभाग ने वीजा का प्रिंट निकलवाकर लाने को कहा। प्रस्थान गेट के पास स्थित बूथ पर बैठे निजी एजेंसी के कर्मचारी ने पेपर जांच और एक पेज का प्रिंट निकालने के नाम पर 250 रुपये का चार्ज यात्री मुकीम से ले लिया। रसीद मांगने सादे पेपर पर लिखकर दिया लेकिन यह नहीं लिखा कि रुपये किस मद में वसूले गए। मुकीम दुबई पहुंच गए तो उनकी ओर से शिकायत परिचित विकास सिंह ने दर्ज कराई। अब एयरपोर्ट प्रबंधन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। पता चला है कि सुनियोजित तरीके से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों से इसी तरह कागज चेक कराने के नाम पर वसूली हो रही है।

लखनऊ एयरपोर्ट से इस समय प्रतिदिन करीब 100 से 110 विमानों का आवागमन होता है। इसमें 12 से 14 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ने वाली विमान सेवाएं हैं। प्रतिदिन करीब 17 हजार यात्री लखनऊ से रवाना होते हैं। इसमें 2200 से 2500 यात्री उत्तर प्रदेश के बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर सहित कई जिलों से दुबई, अबूधाबी और रियाद जाते हैं। अधिकांश श्रमिक यात्रियों को वीजा व पासपोर्ट सहित इंटरनेशनल यात्रा के नियमों की जानकारी नहीं होती है। इसी का फायदा उठाकर एयरपोर्ट पर उनसे अधिक रुपयों की वसूली की जा रही है। लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन ने एके एजेंसीज नाम की संस्था को यात्रियों की आइडी और यात्रा से जुड़े दस्तावेजों का प्रिंट देने के लिए प्रस्थान गेट के पास एक बूथ आवंटित किया है। इस बूथ पर प्रिंट निकालने के लिए प्रति पेज 100 रुपये का शुल्क तय किया गया है। बूथ पर बैठे एजेंसी के कर्मचारी प्रिंट के साथ दस्तावेज जांच के नाम पर 250 रुपये की वसूली करते हैं। इस साल मई से अब तक आठ यात्रियों ने दस्तावेज जांच के नाम पर 250 रुपये वसूलने की शिकायतें दर्ज करायी हैं।

एयरपोर्ट प्रबंधन के प्रवक्ता के अनुसार इस निजी एजेंसी को यात्रियों की आइडी व यात्रा से जुड़े दस्तावेजों को प्रिंट करने के लिए स्थान दिया गया है। उनकी सेवा का शुल्क तय है। तय शुल्क से ज्यादा पैसा लेने की शिकायतों पर जांच की जा रही है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

NAVBHARAT TIMES DELHI 18 SEPTEMBER 2026




# टर्मिनल-1 और 3 जाने वालों के लिए राहत, NSG चौक पर बनेगा फ्लाईओवर

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

2 मिनट में पढ़ें NBT

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली के साउथ, साउथ-वेस्ट, वेस्ट, नॉर्थ, नॉर्थ-वेस्ट और गुड़गांव से एयरपोर्ट टर्मिनल-1 व टर्मिनल-3 तक आसानी से पहुंचने के लिए मेहराम नगर गांव के पास एनएसजी चौक पर फ्लाईओवर निर्माण की योजना बनाई जा रही है।

फ्लाईओवर निर्माण के लिए फिजिबिलिटी स्टडी कराई जा रही है। पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार एयरपोर्ट जाने के लिए दिल्ली या गुड़गांव से आने वालों को इसी चौक से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में यहां मर्जिंग ट्रैफिक अधिक हो जाता है और अक्सर इस चौक पर जाम की समस्या रहती है।

पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार, नई दिल्ली एरिया, साउथ दिल्ली या सेंट्रल दिल्ली से किसी को एयरपोर्ट टर्मिनल-1 या टर्मिनल-3 जाना है, तो वे एनएसजी चौक से होकर ही जाते है। द्वारका, जनकपुरी, विकासपुरी या वेस्ट दिल्ली के अन्य इलाकों से जिन्हें एयरपोर्ट जाना है, वे भी इसी चौक से होकर गुजरते है। एनएच-48 के रास्ते गुड़गांव से एयरपोर्ट जाने वाले भी शंकर विहार से लेफ्ट लेकर एनएसजी चौक आते है और यहां से टर्मिनल-1 व 3 की ओर जाते है।

धौला कुआं से आने वाला ट्रैफिक उलान बतोर रोड होते हुए एनएसजी चौक से ही एयरपोर्ट जाता है। दिल्ली के तमाम इलाकों से एयरपोर्ट की तरफ आने वाला ट्रैफिक भी इस चौक से गुजरता है, जिससे मर्जिंग ट्रैफिक इस चौक पर आवश्यकता से अधिक है। रोजाना करीब 1.5 से 2 लाख गाड़ियां इस चौक से गुजरती है। जिससे हर समय यहां जाम की समस्या रहती है।

## अंडरपास भी बनेगा !

**अफसरो के** अनुसार जिस लोकेशन पर फ्लाईओवर निर्माण का प्लान है, वह एनएसजी हेडक्वॉर्टर के पास ही है। टर्मिनल-1 इसी चौक के सामने है। ऐसे मे सुरक्षा मानको और हाइट क्लियरेंस की अनुमति भी अनिवार्य होगी। मेहराम नगर के आसपास सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। इस जंक्शन पर ट्रैफिक का दबाव काफी अधिक है। इसलिए संभावना तलाश की जा रही है कि अंडरपास और फ्लाईओवर दोनो बने, ताकि यह जाम फ्री हो सके।

## किस दिशा से कितना है ट्रैफिक का दबाव

| डायरेक्शन | रोड | प्रति घंटा ट्रैफिक |
|---|---|---|
| नॉर्थ/नॉर्थ-वेस्ट | उलान बतोर मार्ग | कुल ट्रैफिक का 35% *(3500–5200 गाड़िया/घंटा)* |
| साउथ-वेस्ट | द्वारका रोड | कुल ट्रैफिक का 30% *(3000–4500 गाड़िया/घंटा)* |
| ईस्ट/ साउथ-ईस्ट | एनएच-48 | कुल ट्रैफिक का 25% *(2500–3800 गाड़िया/घंटा)* |
| मेहराम नगर | इंटरनल ट्रैफिक | कुल ट्रैफिक का 10% *(1000–1500 गाड़िया/घंटा)* |

हर तरह का ट्रैफिक टर्मिनल के पास ही मर्ज होता है

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
**Corporate Communications Directorate**

NAVODAYA TIMES | DELHI | 18 SEPTEMBER 2026

NAVODAYA TIMES
नजरिया
नई दिल्ली • शुक्रवार • 18 सितम्बर, 2026

# उड़ानों को तरसते नए हवाई अड्डे

भारत में पिछले एक दशक में क्षेत्रीय हवाई संपर्क का नारा जितना जोर से लगाया गया, उतनी ही तेजी से छोटे शहरों में टर्मिनल बने, रिबन कटे और उद्घाटन की तस्वीरें छापी गईं। 'उड़े देश का आम नागरिक' उड़ान योजना का वादा था कि टियर-2 और टियर-3 शहर भी हवाई नक्शे पर आ जाएंगे। आंकड़ों में सफलता दिखती है कि दर्जनों एयरपोर्ट चालू हुए, सैंकड़ों रूट आवंटित हुए लेकिन मैदान पर तस्वीर इससे उलट है। कई नए हवाई अड्डे और पुरानी पट्टियां आज वीरान पड़ी हैं। क्या यह महज 'अस्थायी रुकावट' है या नीतिगत असफलता का प्रमाण?

संसद में दिए गए जवाब के अनुसार, उड़ान के तहत विकसित करीब 15 हवाई अड्डे इस समय अनुसूचित उड़ानों से रहित हैं। इनमें पठानकोट, लुधियाना, शिमला, पाकयोंग, कुशीनगर, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती, मुरादाबाद, भावनगर, अंबिकापुर, राउरकेला, दतिया और कलबुर्गी शामिल हैं। इस सब से उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित है। 2021 के बाद राज्य में शुरू हुए 7 नए एयरपोर्ट में से 6 पर नियमित व्यावसायिक उड़ानें बंद हो चुकी हैं। केवल अयोध्या ही अपवाद है।

असफलता का सबसे ठोस सबूत खर्च बनाम कमाई है। सरकार इन 15 गैर-संचालित केंद्रों के रखरखाव पर करीब 879 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है, जबकि वहां नियमित यात्री सेवा नहीं है। पाकयोंग का निर्माण ही करीब 605 करोड़ में हुआ, रखरखाव पर अब तक लगभग 179 करोड़ खर्च हो चुके हैं। शिमला पर रखरखाव खर्च 116 करोड़ से ऊपर बताया गया। मुरादाबाद पर करीब 30 करोड़। भावनगर का हाल और स्पष्ट है, एक रिपोर्ट के अनुसार एक वर्ष में संचालन-रखरखाव पर करीब 18 करोड़ खर्च हुए, वहीं कमाई महज 4 करोड़ ही रही। यानी लागत राजस्व से कई गुना अधिक।

सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हुआ? पहला कारण मांग का गलत आकलन। हवाई अड्डा बनाने से मांग अपने आप नहीं पैदा होती। छोटे शहर में रेल और सड़क



रजनीश कपूर

पहले से सस्ती व भरोसेमंद हैं। 3 घंटे की दूरी पर अगर ट्रेन है, तो सीमित आय वाला यात्री महंगा टिकट कभी नहीं खरीदेगा, खासकर जब सबसिडी खत्म होने के बाद किराया दोगुना हो जाए। उड़ान में 3 साल का व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वी.जी.एफ.) मिलता है। अवधि खत्म होते ही कई रूट ढह जाते हैं। सी.ए.जी. की पुरानी समीक्षा पहले ही कह चुकी थी कि शुरुआती चरणों के आधे से अधिक आवंटित रूट कभी शुरू ही नहीं हुए या जल्दी बंद हो गए।

दूसरा, विमान और ऑपरेटर की कमी। क्षेत्रीय उड़ानों के लिए छोटे विमान चाहिएं। फ्लाईबिग जैसे ऑपरेटर बंद हुए या उनकी सेवाएं रोक दी गईं। विमान पट्टे, रखरखाव और पायलट की कमी ने कई रूट को अधर में छोड़ दिया। तीसरा, तकनीकी सीमा। कई छोटे हवाई अड्डे केवल विजुअल फ्लाइट रूल्स पर चलते हैं। उत्तर भारत की सर्दियों में कोहरा आते ही उड़ानें रुक जाती हैं। इंस्ट्रूमैंट लैंडिंग सिस्टम न होने से विश्वसनीयता खत्म हो जाती है। चौथा, अंतिम छोर की कनैक्टिविटी। शहर से एयरपोर्ट तक सड़क खराब हो, टैक्सी महंगी हो, तो यात्री दोबारा नहीं आता।

इसे विफलता इसलिए कहना चाहिए, क्योंकि पैसा करदाता का है और वादा विकास का था। उद्घाटन राजनीतिक पूंजी बन जाता है लेकिन 3 साल बाद भी खाली टर्मिनल जनता का नुकसान बन जाता है। भूमि अधिग्रहण के बाद गांव वाले विकास की उम्मीद लगाते हैं लेकिन जब उड़ान नहीं आती, तो अविश्वास बढ़ता है। क्षेत्रीय विमानन तभी सार्थक है जब वह व्यापार, पर्यटन, चिकित्सा आपात और रोजगार से जुड़कर स्थायी यातायात पैदा करे।



ऐसे में सरकार को क्या करना चाहिए? सबसे पहले, नए हवाई अड्डे खोलने से पहले कठोर अध्ययन अनिवार्य हो। यात्री क्षमता, आसपास के उद्योग, तीर्थ-पर्यटन चक्र और वैकल्पिक परिवहन की तुलना के बिना निर्माण न हो। संशोधित उड़ान में यही सबक शामिल होना चाहिए। दूसरा, सबसिडी की अवधि 3 से बढ़ाकर 5-7 वर्ष की जा सकती है लेकिन भार कारक और स्थानीय राजस्व लक्ष्य पूरे होने पर ही। तीसरा, छोटे हवाई अड्डों को केवल यात्री पर निर्भर न रखा जाए। कार्गो, पायलट प्रशिक्षण, चार्टर, मेडिकल फ्लाइट और राज्य सरकार की आधिकारिक यात्राओं से न्यूनतम उपयोग सुनिश्चित हो। चौथा, मौसम-संवेदनशील अड्डों पर आई.एल.एस. और बेहतर नैविगेशन लगाया जाए, वरना सर्दी या खराब मौसम में पूरा नैटवर्क ठप्प रहेगा।

पांचवां, राज्य सरकारों की जिम्मेदारी बढ़ाई जाए। भूमि, सड़क, पर्यटन पैकेज और स्थानीय कर रियायत राज्य दें, केंद्र केवल विमानन ढांचा। छठा, किराया नीति लचीली हो। सबसिडी खत्म होते ही अचानक महंगा टिकट हवाई यात्रा की मांग को मार देता है। चरणबद्ध वृद्धि और ऑफ-पीक छूट से हवाई यात्रा आदत बन सकती है। सातवां, असफल रूट को बिना शर्म के बंद करने और सफल मॉडल, जैसे बेहतर कनैक्टिविटी वाले कुछ औद्योगिक या तीर्थ केंद्र को दोहराने का साहस हो। हर जिले में एयरपोर्ट का नारा राजनीतिक रूप से आकर्षक है, परंतु आर्थिक रूप से घातक। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए, यदि यही हाल रहा तो अगले 10 साल में और 100 हवाई अड्डे बनेंगे और उनमें से कई फिर वीरान रहेंगे।

kalchakranews@gmail.com

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
SWATANTRA BHARAT LUCKNOW 16 SEPTEMBER 2026

# दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा में चूक

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। तीन विदेशी यात्री इमिग्रेशन जांच पूरी किए बिना ही अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट तक पहुंच गए। इसके बाद तीनों लुफ्थांसा की फ्लाइट से म्यूनिख पहुंच गए। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने प्रक्रियागत चूक के आरोपों को लेकर एअर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने एयरलाइन से सात दिन में जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक, मामला तीन से चार सितंबर का है।

DESHBANDHU DELHI 18 SEPTEMBER 2026

# 'स्कूट एवरीवेयर सेल' शुरू करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** सिंगापुर एयरलाइंस की कम लागत वाली सहायक एयरलाइन स्कूट ने आज 15 से 20 सितंबर 2026 तक चलने वाली 'स्कूट एवरीवेयर सेल' शुरू करने की घोषणा की। इस विशेष सेल के तहत एशिया-प्रशांत और अन्य गंतव्यों में फैले उसके व्यापक नेटवर्क पर आकर्षक किराये उपलब्ध होंगे। इस दौरान ग्राहक भारत से सिंगापुर के लिए इकोनॉमी क्लास में एकतरफा टिकट मात्र 9,500 से शुरू होने वाले किराये पर बुक कर सकेंगे। ये प्रमोशनल किराये 12 अक्टूबर 2026 से 31 अगस्त 2027 के बीच की यात्रा के लिए बुकिंग पर उपलब्ध हैं। इनमें बेलितुंग (इंडोनेशिया), बैंकॉक और चियांग राय (थाईलैंड), कुआलालंपुर (मलेशिया), सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) और टोक्यो (हानेडा) जैसे रोमांचक गंतव्य शामिल हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate
DECCAN HERALD BANGALORE 17 SEPTEMBER 2026

# Air India's consolidated loss widens to Rs 22,238 crore in FY26

NEW DELHI, PTI: Air India's consolidated loss widened to Rs 22,238.23 crore in the fiscal ended March 2026 from Rs 10,858.83 crore in the year-ago period amid multiple headwinds.

During the same period, total income declined to Rs 71,869.94 crore against Rs 78,635.61 crore in 2024-25, according to regulatory filings. The consolidated figures include financials of Air India Express.

The regulatory filings showed that on a consolidated basis, total expenses jumped to Rs 93,733.31 crore in the last financial year from Rs 89,317.12 crore a year ago.

In 2025-26, aircraft repair and maintenance costs increased to Rs 14,976.45 crore from Rs 13,901.82 crore, while fuel expenses fell to Rs 26,871.80 crore from Rs 29,023.37 crore in the year-ago period.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN | DELHI | 18 SEPTEMBER 2026

# अहमदाबाद विमान हादसे की जांच प्रक्रिया पर उठे सवाल, दस्तावेज छिपाने का आरोप

- फाउंडेशन फार एविएशन सेफ्टी ने विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के महानिदेशक को लिखा पत्र
- जून 2025 में बोइंग 787 विमान हो गया था दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में 260 लोगों की हुई थी मौत

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** अहमदाबाद में एअर इंडिया की उड़ान एआइ-171 के भीषण हादसे का शिकार होने के मामले में जांच को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। विमानन सुरक्षा संगठन 'फाउंडेशन फार एविएशन सेफ्टी' (एफएएस) ने जांच एजेंसी पर हादसे से जुड़े दस्तावेज और खराबी से जुड़े आंकड़ों को छिपाने का आरोप लगाते हुए जांच प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा किया है। इस संबंध में एफएएस ने विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) के महानिदेशक को पत्र लिखा है।

जून 2025 में अहमदाबाद से लंदन जाते समय टेक आफ के 32 सेकेंड बाद बोइंग 787 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 260 लोगों की जान चली गई थी। हालांकि एएआइबी ने आरोपों का खंडन कर जांच प्रक्रिया सही दिशा में होने का दावा किया है। एफएएस के कार्यकारी निदेशक एड पियर्सन ने एएआइबी के महानिदेशक जीवीजी. युगंधर को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि इस हादसे के बाद फाउंडेशन फार एविएशन सेफ्टी ने यूके एएआइबी एक्सपर्ट के माध्यम से भारतीय जांच एजेंसी को सैकड़ों आधिकारिक दस्तावेज सौंपे थे। इनमें बताया गया था कि दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 विमान के सिस्टम में कई तरह की खराबी चली आ रही थी। इसके अलावा विमान के एयरक्राफ्ट कम्युनिकेशंस एड्रेसिंग एंड रिपोर्टिंग सिस्टम और एयरक्राफ्ट हेल्थ मैनेजमेंट डेटा स्ट्रीम से भी कई ऐसी जानकारियां मिलीं, जो हादसे से ठीक पहले हुई तकनीकी विफलताओं और उनके सटीक समय की ओर इशारा करती हैं। आरोप है कि इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आइसीएओ) के नियमों के तहत तथ्यों को न तो एकत्र करने का प्रयास किया गया और न ही दस्तावेज को जांच में शामिल किया गया। यही नहीं प्रारंभिक रिपोर्ट में इन दस्तावेजों का जिक्र तक नहीं किया गया।

इस पत्र के जवाब में जांच एजेंसी एएआइबी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए निष्पक्षता का दावा किया है। जांच एजेंसी ने कहा है कि फाउंडेशन फार एविएशन सेफ्टी द्वारा दिए गए सभी तकनीकी इनपुट और दस्तावेज 10 जून 2026 को प्राप्त हो चुके थे और जांच टीम इनका गहराई से अध्ययन कर रही है। ब्यूरो का तर्क है कि जांच 'एयरक्राफ्ट (इ इन्वेस्टिगेशन आफ एक्सीडेंट्स एंड इंसिडेंट्स) रूल्स, 2025' और आइसीएओ के प्रविधानों के तहत पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जा रही है। इस स्पष्टीकरण के बावजूद एफएएस ने मांग की है कि जांच से जुड़े ये सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज तुरंत सार्वजनिक रिकार्ड में शामिल किए जाएं। साथ ही स्पष्ट किया जाए कि समय रहते सुरक्षा चेतावनियां जारी क्यों नहीं की गईं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 18 SEPTEMBER 2026

# इंडिगो ने अतिरिक्त सेवाओं के शुल्क बढ़ाए

**मुंबई, प्रेट्र:** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने हाल के दिनों में कई अतिरिक्त सेवाओं के शुल्क बढ़ा दिए हैं। इनमें नवजात बच्चों की यात्रा, अकेले यात्रा करने वाले नाबालिगों और अतिरिक्त सामान जैसी सेवाएं शामिल हैं। हालांकि, शुल्क में बदलाव को लेकर इंडिगो की ओर से अभी कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

घरेलू उड़ानों में नवजात बच्चों की यात्रा का शुल्क 2200 से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए शुल्क अलग-अलग है। एयरलाइन के नियमों के अनुसार, 3 दिन से अधिक और 2 साल से कम उम्र के बच्चों को नवजात की श्रेणी में रखा जाता है। इंडिगो की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अकेले यात्रा करने वाले नाबालिगों के लिए शुल्क घरेलू उड़ानों में 5999 और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 12,999 रुपये है। इन सेवाओं की पुरानी दरों की पुष्टि नहीं हो सकी। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, 'फास्ट-फारवर्ड' सेवा के लिए 650 रुपये, यात्रा प्रमाण पत्र के लिए 300 रुपये शुल्क लिया जाता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 17 SEPTEMBER 2026

# गर्ग एविएशन ने तोड़े नियम, प्रशिक्षण विमानों की उड़ानों पर रोक

## ● सुरक्षा नियमों को तोड़ने और नियामक शर्तों का पालन न करने पर हुई कार्रवाई, डीजीसीए और एएआइबी कर रहे जांच

## ● दुर्घटना में प्रशिक्षक व प्रशिक्षु पायलट की मौत में प्रारंभिक जांच के बाद निर्णय, संस्था में 120 छात्र, प्रभावित होगा प्रशिक्षण

**जागरण संवाददाता, कानपुर** : विमान दुर्घटना में प्रशिक्षक और प्रशिक्षु पायलट की मौत की प्रारंभिक जांच के बाद अगले आदेश तक गर्ग एविएशन की प्रशिक्षु उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर डायरेक्ट्रेट जनरल आफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इस फ्लाइंग ट्रेनिंग आर्गनाइजेशन (एफटीओ) का काम अगले आदेश तक रोका है। विमान दुर्घटना की जांच डीजीसीए लखनऊ, दिल्ली और एएआइबी (विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो) की टीमें कर रही हैं। माना जा रहा है कि प्रारंभिक जांच में सुरक्षा नियमों को तोड़ने और नियामक शर्तों का पालन न करने पर यह कार्रवाई की गई है। इस समय संस्था में 120 छात्र हैं। उड़ानों पर रोक से इनका प्रशिक्षण नहीं हो सकेगा।

गर्ग एविएशन का चार सीटर प्रशिक्षण विमान 27 अगस्त को सुबह गंगा बैराज के तीन किमी आगे उन्नाव की ओर नत्थापुरवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसमें सवार प्रशिक्षक पायलट कैप्टन सचिन भाटिया और प्रशिक्षु पायलट अभिषेक पुजारी की मौत हो गई थी। उड़ान भरने के 20 मिनट बाद विमान हवा में दो बार घूमा और गिर गया था। डीजीसीए लखनऊ, दिल्ली और एएआइबी की टीम दुर्घटनाग्रस्त विमान जांच करने आई थी। जांच के लिए दुर्घटनाग्रस्त विमान का इंजन, मलबा और अन्य साक्ष्य डीजीसीए की टीम दिल्ली ले गई थी। टीमें अभी जांच कर रही हैं। प्रारंभिक जांच के बाद डीजीसीए ने अगल आदेश तक गर्ग एविएशन की प्रशिक्षु उड़ानों पर रोक लगा दी है। सेफ्टी मैनेजर राजीव भल्ला ने बताया कि संस्था का आडिट होना है। आडिट न होने तक प्रशिक्षु उड़ानों पर रोक लगाई गई है।



गंगा बैराज के नत्थापुरवा गांव के खेत में पड़ा ट्रेनी विमान का मलबा • जागरण आर्काइव

